1
वेतन निर्धारण/संशोधन/उच्चीकरण

विषय सूची			
क्र0सं0	विषय	शासनादेश संख्या तथा दिनांक	पृष्ठ संख्या
1	राज्य में सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू होने के फलस्वरूप राज्य कर्मचारियों को दिनांक 01 जुलाई, 2016 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 तक की अवधि के देय अवशेष वेतन की राशि का भुगतान की प्रक्रिया विषयक।	सं0 14/XXVII(7)/18–30(7)/2016 दिनांक : 21 जनवरी, 2019	07
2	दिनांक 01.01.2016 को या उसके बाद सीधी भर्ती अथवा पदोन्नत कर्मचारियों के शुरूआती वेतन का निर्धारण विषयक।	सं. 317/XXVII(7)30(2)/2016 TC दिनांक : 28 दिसम्बर, 2018	08
3	पदोन्नति/वित्तीय स्तरोन्नयन पर मूल नियम–22–बी के अन्तर्गत वेतन निर्धारण के लिए तिथि का विकल्प।	सं0 11/XXVII/(7)/50(16)/2016 दिनांक : 07 फरवरी, 2018	9–10
4	राज्य में सातवें वेतन आयोग की संस्तुति लागू होने के फलस्वरूप राज्य कर्मचारियों को दिनांक 01 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक के देय वेतन–भत्तो की अवशेष राशि (एरियर) के सम्बन्ध में।	सं0 274/ XXVII(7)30(7)/2016 दिनांक : 13 नवम्बर, 2017	11–12
5	वेतन समिति को सन्दर्भित प्रकरणों पर समिति से प्राप्त संस्तुतियों के सम्बन्ध में।	सं. 220/XXVII(7)50(16)/2014 TC दिनांक : 31 अक्टूबर, 2017	13
6	राज्य में सातवें वेतन आयोग की संस्तुति लागू होने के फलस्वरूप राज्य कर्मचारियों को दिनांक 01 जनवरी,2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक देय वेतन/भत्तों की अवशेष (एरियर) राशि के भुगतान के सम्बन्ध में।	सं0 202/ XXVII(7)30(7)/2016 दिनांक : 17 अक्टूबर, 2017	14–15
7	राजकीय विभागों में नियमित रूप से नियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं के वेतनमान के निर्धारण के सम्बन्ध में।	सं0 147/ XXVII (7)27(14)/2012 दिनांक : 10 अक्टूबर, 2017	16

8	दिनांक 01 जनवरी, 2016 से पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	सं0 165 / XXVII(7)30(7) / 2017 दिनांक : 12 सितम्बर, 2017	17–18
9	उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में।	सं0 139 / XXVII (7)30(07) / 2016 दिनांक : 02 अगस्त, 2017	19
10	वेतन / भत्ते की विसंगति एवं उच्चीकरण के प्रकरणों के सम्बन्ध में।	सं0 93 / XXVII (7) / 2016 दिनांक : 12 मई, 2017	20
11	सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में प्रदेश के विभिन्न वर्गों के कार्मिकों के वेतन एंव भत्तों के सम्बन्ध में संस्तुतियां देने हेतु गठित वेतन समिति के सम्बन्ध में।	सं0 32 / XXVii(7)50(16) / 2016 दिनांक : 01 मार्च, 2017	21–22
12	दिनांक 01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों तथा राज्य के सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारी जो दिनांक : 01. 01.2016 के पूर्व अथवा उसके उपरान्त राज्य सरकार की सेवा में पुनर्योजित हैं, का वेतन निर्धारण।	सं0 12 / XXVii (7)30(15)2017 दिनांक : 03 फरवरी, 2017	23–24
13	सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में नयी वेतन संरचना में वेतन निर्धारण।	सं0 04 / XXVII (7)50(16) / 2016 दिनांक : 04 जनवरी, 2017	25
14	उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के वेतन मैट्रिक्स लेवल–4 की आठवीं कोष्ठिका में टंकण त्रुटि का निराकरण।	सं0 03 / XXVII (7)50(16) / 2016 दिनांक : 03 जनवरी, 2017	26
15	वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) के द्वारा अपने प्रथम प्रतिवेदन भाग–एक में प्रदेश के स्वायत्तशासी संस्थाओं (Autonomos Body), जो पूर्ण रूप से राज्य सरकार से वित्त पोषित है, को पुनरीक्षित वेतन संरचना में नये वेतन मैट्रिक्स अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।	सं0 295 / XXVII(7)30(12) / 2016 दिनांक : 30 दिसम्बर, 2016	27
16	राज्य वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) की संस्तुतियों के क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही।	सं0 294 / XXVII(7)30(11) / 2016 दिनांक : 30 दिसम्बर, 2016	28–30
17	जूनियर डाक्टरों को सातवें पुनरीक्षण वेतनमान अनुमन्य किये जाने के विषयक।	सं0 293 / XXVII (7)30(10) / 2016 दिनांक : 30 दिसम्बर, 2016	31

18	कार्यप्रभारित अधिष्ठान के कार्मिकों को सातवें पुनरीक्षण वेतनमान अनुमन्य किये जाने विषयक।	सं0 292 / XXVII / (7)30 / (9) / 2016 दिनांक : 30 दिसम्बर, 2016	32
19	सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में सार्वजनिक उपक्रमों / निगमों में कार्मिकों के वेतनमानों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में।	सं0 291 / XXVii(7)30(8) / 2016 दिनांक : 29 दिसम्बर, 2016	33–34
20	उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन निर्धारण 2016	सं0 290 / XXVII(7)50(16) / 2016 दिनांक : 28 दिसम्बर, 2016	35–54
21	वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) का प्रथम प्रतिवेदन भाग–एक में की गयी संस्तुतियां।	सं0 289(1) / XXVII(7)50(16) / 2016 दिनांक : 27 दिसम्बर, 2016	55–58
22	राजकीय विभागों के वैयक्तिक सहायक संवर्ग के ढांचे के पुनर्गठन विषयक शासनादेश संख्या 131 / XXVII(7)35(3) / 2013 दिनांक 14 जुलाई, 2016 में आंशिक संशोधन करते हुए स्टाफिंग पैटर्न लागू किये जाने के सम्बन्ध में।	सं0 204 / XXVII (7)35(3) / 2013 दिनांक : 28 अक्टूबर, 2016	59
23	राजकीय विभागों के वैयक्तिक सहायक संवर्ग के ढांचे का पुनर्गठन विषयक।	सं0 131 / XXVII (7)35(3) / 2013 दिनांक : 14 जुलाई, 2016	60–61
24	सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में प्रदेश के विभिन्न वर्गों के कार्मिकों के वेतन भत्तों के सम्बन्ध में संस्तुतियां देने हेतु वेतन समिति का गठन।	सं0 07 / XXVII(7)50(16) / 2014 दिनांक : 14 जनवरी, 2016	62–64
25	राजकीय वाहन चालक संवर्ग के सीधी भर्ती के पद का ग्रेड वेतन उच्चीकरण के सम्बन्ध में।	सं0 115 / XXVII (7)23(3) / 2013 दिनांक : 10 अगस्त, 2015	65
26	अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत आशुलिपिको एवं वैक्तिक सहायकों को वेतनमान में संशोधन के सम्बन्ध में।	सं0 58 / XXXVII (2) / 2014–120–एक (1) / 2004 दिनांक 09 सितम्बर, 2014	66
27	मा0 उच्च न्यायालय एवं उसके नियंत्रणाधीन सृजित समस्त अधीनस्थ न्यायालय (कुटुम्ब न्यायालय, ए.सी.जे. एम. रेलवे एवं अन्य विशेष न्यायालयों सहित) में पूर्व सृजित चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों के पदों को पुनर्जीवित किया जाना।	सं0 153 / XXVII (7)27(5) / 2010 दिनांक : 25 जून, 2014	67
28	प्रदेश के राजकीय वाहन चालक	सं0 44 / XXVII (7) 27(3) / 2013	68

	सेवा–संवर्ग के पुर्नगठन के सम्बन्ध में।	दिनांक : 31 जनवरी, 2014	
29	समता समिति (1989) की संस्तुतियों के क्रम में आशुलिपिक संवर्ग के सम्बन्ध में वेतन–पुनरीक्षण विषयक **शुद्धि पत्र**	सं0 729 / XXVII (7)35(3) / 2013 TC दिनांक : 24 अक्टूबर, 2013	69
30	वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2008) की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतन–संरचना की स्वीकृति एवं वेतन–निर्धारण।	सं0 732 /XXVii (7)40(2) / 2010 दिनांक : 25 सितम्बर, 2013	70–72
31	वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2008) की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतन–संरचना की स्वीकृति एवं वेतन–निर्धारण।	सं0 697 / XXVII (7)30(1) / 08 दिनांक : 11 सितम्बर, 2013	93–75
32	वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2008) की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार दिनांक 01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतन–संरचना की स्वीकृति एवं वेतन–निर्धारण।	सं0 689 / xxvii(7)30(1) / 08 दिनांक : 11 सितम्बर, 2013	76–82
33	प्रदेश के वाहन चालक सेवा–संवर्ग का पुनर्गठन।	सं0 588 / xxvii(7)27(3) / 2013 दिनांक : 01 जुलाई, 2013	83–85
34	दिनांक 01 जनवरी, 2006 अथवा इसके पश्चात सीधी भर्ती से नियुक्त कार्मिकों का वेतन निर्धारण किया जाना।	सं0 562 / xxvii(7)50(49) / 2013 दिनांक : 12 जून, 2013	86–87
35	राजकीय विभागों को कनिष्ठ अभियन्ता पद के वेतनमान का संशोधन।	सं0 571 / xxvii(7)27(14) / 2012 दिनांक : 06 जून, 2013	88
36	लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं अन्य विभाग जहां कार्यप्रभारित अधिष्ठान है, के कार्मिकों के वेतन से संहत सीमा हटाया जाना।	सं0 440 / xxvii(7)30(4) / 2013 दिनांक : 18 मार्च 2013	89–90
37	प्रदेश के वाहन चालक संवर्ग के संवर्गीय ढांचे का पुनर्गठन करने के सम्बन्ध में।	सं0 408 / XXVii(7)27(3) / 2013 दिनांक : 08 फरवरी, 2013	91–92
38	उत्तराखण्ड सचिवालय से इतर राजकीय विभागों के लिपिकीय संवर्ग के वेतनमान संशोधन।	सं0 406 / xxvii(7)27(2) / 2011 दिनांक : 08 फरवरी, 2013	93–94
39	प्रदेश के वाहन चालक संवर्ग के ऐसे सदस्य जिन्हें समयमान वेतनमान की व्यवस्था के अन्तर्गत द्वितीय पदोन्नति	सं0 397 / XXVii(7)14(5) / 2011 दिनांक : 31 जनवरी, 2013	95–96

	वेतनमान अनुमन्य हो चुका है, उन्हें वाहन चालक ग्रेड–1 पदों पर समायोजित किये जाने के फलस्वरूप वेतन निर्धारण के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण।		
40	उत्तराखण्ड सचिवालय से इतर राजकीय विभागों के लिपिकीय संवर्ग के वेतनमान संशोधन।	सं0 373 / xxvii(7)27(2) / 2013 दिनांक : 16 जनवरी, 2013	**97–98**

(7)

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0 आ0–सा0 नि0) अनुभाग–7
संख्याः /XXVII(7)/18–30(7)/2016
देहरादूनः दिनांक 21 जनवरी, 2019

कार्यालय–ज्ञाप

राज्य में सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू होने के फलस्वरूप राज्य कर्मचारियों को दिनांक 01 जुलाई, 2016 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 तक की अवधि के देय अवशेष वेतन की राशि का भुगतान चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 में निम्न प्रकिया के तहत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(1) दिनांक 01 जुलाई, 2016 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 तक की अवधि का भुगतान दिनांक 01 फरवरी, 2019 से किया जाय।

(2) देय अवशेष राशि में से आयकर की कटौती करते हुए शेष राशि सम्बन्धित कार्मिक के सामान्य भविष्य निर्वाह निधि में जमा किया जायेगा। जमा राशि केवल ऐसे मामलों, जिनमें भविष्य निधि नियमों के अन्तर्गत अन्तिम प्रत्याहरण देय हो, को छोड़कर अन्य मामलों में 01 वर्ष से पूर्व नहीं निकाली जायेगी।

(3) नई पेंशन योजना से आच्छादित कार्मिकों को तद्नुसार देय अवशेष धनराशि के 10% धनराशि के बराबर धनराशि सम्बन्धित कार्मिक के टियर–1 पेंशन खाते में जमा की जायेगी तथा राज्य सरकार/नियोक्ता द्वारा समतुल्य अंशदान टियर–1 पेंशन खाते में जमा किया जायेगा। एरियर की अवशेष धनराशि सम्बन्धित कार्मिकों को नियमानुसार आयकर कटौती के पश्चात् नकद भुगतान की जायेगी।

(4) ऐसे कार्मिक जिनका भविष्य निर्वाह खाता न खुला हो, अथवा मृत्यु, त्यागपत्र, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति/अधिवर्षता आयु पर सेवानिवृत्ति आदि के कारण सेवा से मुक्त हो चुके हों, या जिनकी सामान्य भविष्य निधि की कटौती बन्द हो, को देय अवशेष राशि का नकद भुगतान नियमानुसार आयकर कटौती के पश्चात् किया जायेगा।

2. कृपया उक्तानुसार अवशेष देयकों (एरियर) का भुगतान इसी वित्तीय वर्ष में किया जाना सुनिश्चित किया जाय। अगले वित्तीय वर्ष हेतु कोई देयता न रखी जाय।

(राधा रतूड़ी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्याः 14 (1)/XXVII(7)/18–30(7)/2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. मुख्य स्थानिक आयुक्त उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
6. समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
7. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, 23 लक्ष्मी रोड़, देहरादून।
9. निदेशक, विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड।
10. निदेशक, आडिट विभाग, उत्तराखण्ड।
11. वित्त अधिकारी/कुल सचिव, समस्त राजकीय विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।
12. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
13. क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, देहरादून।
14. निदेशक, एन.आई.सी., सचिवालय परिसर, देहरादून।
15. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(अरुणेन्द्र सिंह चौहान)
अपर सचिव।

प्रेषक, संख्याः 317 /XXVII(7)/30(2)/2018 टी.सी.

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादूनः दिनांक 28 दिसम्बर, 2018

विषयः दिनांक 01–01–2006 को या उसके बाद सीधी भर्ती अथवा पदोन्नत कर्मचारियों के शुरूआती वेतन का निर्धारण विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–41/XXVII((7)सी0भर्ती0/2009 दिनांक 13 फरवरी, 2009 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2006 अथवा उसके बाद सीधी भर्ती से नियुक्त कार्मिकों के लिए उक्त वर्णित शासनादेश में वर्णित तालिकाओं के अनुसार विभिन्न वेतन बैण्डों में अनुमन्य ग्रेड वेतन में न्यूनतम वेतन निर्धारित किये जाने की व्यवस्था उपबन्धित की गयी है।

2. दिनांक 01 जनवरी, 2006 को या उसके पश्चात् प्रोन्नत कार्मिकों के वेतन निर्धारण की व्यवस्था शासनादेश संख्या–395/XXVII (7)/2008 दिनांक 17 अक्टूबर, 20108 के नियम–12 में प्राविधानित की गयी है।

3. समान ग्रेड वेतन में सीधी भर्ती एवं पदोन्नति होने पर वेतन निर्धारण हेतु अलग–अलग व्यवस्थायें लागू होने के फलस्वरूप कतिपय प्रकरणों में सीधी भर्ती से नियुक्त कनिष्ठ कार्मिक का वेतन पदोन्नति के माध्यम से नियुक्त होने वाले वरिष्ठ कार्मिक के वेतन से अधिक निर्धारित होने के प्रकरण शासन को प्राप्त हो रहे हैं।

4. वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग), भारत सरकार द्वारा अपने कार्यालय–ज्ञापन संख्या–8-23/2018.ई.III–ए दिनांक 28 सितम्बर, 2018 के द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2006 को अथवा उसके पश्चात् सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त एवं उक्त तिथि के पश्चात पदोन्नत कार्मिकों के वेतन निर्धारण में उत्पन्न विसंगति को दूर किया गया है।

5. वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के उक्त वर्णित कार्यालय–ज्ञाप दिनांक 28 सितम्बर, 2018 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यदि दिनांक 01 जनवरी, 2006 को अथवा उसके पश्चात् पदोन्नत कार्मिक का वेतन समान ग्रेड वेतन में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त कार्मिक के शुरूआती वेतन से कम निर्धारित होता है तो उसका शुरूआती वेतन भी पदोन्नति की तिथि से शासनादेश संख्या–41/XXVII (7)सी0भर्ती0/2009 दिनांक 13 फरवरी, 2009 में उल्लिखित समकक्ष ग्रेड वेतन के सापेक्ष देय न्यूनतम वेतन से कम नहीं होगा।

6. उक्त लाभ ऐसे पदोन्नत कार्मिकों को उनकी पदोन्नति की तिथि से नोशनली एवं इस शासनादेश के जारी होने की तिथि से वास्तविक रूप से अनुमन्य होगा।

7. उक्त व्यवस्था के आलोक में दिनांक 01 जनवरी, 2006 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2015 के मध्य ऐसे पदोन्नत कार्मिकों को, जो इस मध्य सेवानिवृत्त अथवा जिनकी मृत्यु हो चुकी है, के पेंशन/पारिवारिक पेंशन के पुनर्निधारण हेतु उनकी पदोन्नति की तिथि से सेवानिवृत्ति अथवा पद त्याग की तिथि तक नोशनली वेतन निर्धारित करते हुये पेंशन पुनर्निर्धारित की जाय। उक्त कार्मिकों को उक्त लाभ अन्य सेवालाभों यथा ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, राशिकरण के पुनर्निर्धारण हेतु अनुमन्य नहीं होगा।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

Scanned by CamScanner

(12) (9)

संख्या: /XXVII(7)50(16)/2016

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

वित्त(वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादून, दिनांक:07 ~~जनवरी~~ फरवरी, 2018

विषय: पदोन्नति/वित्तीय स्तरोन्नयन पर मूल नियम–22–बी के अन्तर्गत वेतन निर्धारण के लिए तिथि का विकल्प।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पदोन्नति/वित्तीय स्तरोन्नयन पर वेतन निर्धारण की सुस्पष्ट व्यवस्था वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2, भाग–2 से 4 के मूल नियम–22–(बी)(1) के अन्तर्गत प्राविधानित है। किसी सरकारी सेवक के किसी अन्य पद जिसके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व उसके द्वारा धृत पद से सम्बन्धित कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण हो, पर नियुक्ति/पदोन्नति पर शासनादेश सं0–जी–2–854/दस–333/86 दिनांक 17 सितम्बर, 1988 द्वारा सम्बन्धित सरकारी सेवक को उसके विकल्प के अनुसार पदोन्नति की तिथि को अथवा उसकी अगली वेतनवृद्धि की तिथि को कमशः मूल नियम–22–(ए)(1) एवं 22–(बी)(1) के अन्तर्गत वेतन निर्धारित किए जाने की स्पष्ट व्यवस्था की गई है।

2– सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के सन्दर्भ में राज्य कर्मचारियों के वेतन, भत्ते आदि के लिए गठित वेतन समिति की संस्तुतियों पर दिनांक 01.01.2016 से लागू पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में सरकारी सेवक की प्रोन्नति अथवा ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 अथवा समयमान/चयन वेतनमान की व्यवस्थानुसार वित्तीय स्तरोन्नयन प्राप्त होने पर सम्बन्धित सरकारी सेवक को उक्त वर्णित शासनादेश दिनांक 17 सितम्बर, 1988 एवं मूल नियम–23(1) के अन्तर्गत प्रोन्नति की तिथि अथवा अगली वेतन वृद्धि की तिथि को मूल नियम–22(बी)(1) एवं 22(ए)(1) के अनुसार वेतन निर्धारण कराने का विकल्प यथावत उपलब्ध रहेगा।

3– उक्तानुसार वेतन निर्धारण के उपरान्त आगामी वेतन वृद्धि की तिथि उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के नियम–10(3)में निहित प्रावधानों के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव।

कमशः..........2

संख्याः ।। /XXVII(7)/50(16)/2016, तददिनांकित।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
3. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड।
4. समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल।
6. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. निदेशक, विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. समस्त वित्त अधिकारी/वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड।
9. समस्त मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
10. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अरूणेन्द्र सिंह चौहान)

अपर सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग– 7
संख्याः — /XXVII(7)30(7)/2016
देहरादून, दिनांक 13 नवम्बर, 2017

कार्यालय–ज्ञाप

राज्य में सातवें वेतन आयोग की संस्तुति लागू होने के फलस्वरूप राज्य कर्मचारियों को दिनांक 01 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक के देय वेतन–भत्तों की अवशेष राशि (एरियर) का भुगतान दो चरणों में (वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19) किए जाने संबंधी शासनादेश संख्या–202/XXVII(7)30(7)/2016, दिनांक 17 अक्टूबर, 2017 में आंशिक संशोधन करते हुए उसमें निम्न प्रकियाओं का समावेश किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं–

1. प्रथमतः समस्त आहरण–वितरण अधिकारी अपने अधिष्ठानान्तर्गत कार्यरत कार्मिकों के छठे व सातवें वेतन आयोग के अन्तर्गत किए गए सभी वेतन निर्धारणों की सतर्कतापूर्वक जांच करेंगे। यदि कहीं नियमों के विपरीत वेतन निर्धारण किया गया हो तो नियमानुसार उसकी वसूली सुनिश्चित करेंगे।
2. बिन्दु संख्या 1 में अंकित निर्देशानुरूप कार्यवाही कर लिए जाने के उपरांत आहरण–वितरण अधिकारी द्वारा कार्मिकों का एरियर बिल तैयार किया जाएगा और अनिवार्यतः यह प्रमाण पत्र बिल के साथ संलग्न किया जाएगा कि "संबंधित कार्मिक के छठे/सातवें वेतन आयोग के अन्तर्गत किए गए सभी वेतन निर्धारण प्रपत्रों की जांच कर ली गयी है और वह सभी सही हैं।"
3. यदि किसी प्रकरण में आहरण वितरण अधिकारी को छठे/सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में निर्धारित किये गये वेतन निर्धारण में त्रुटि दृष्टिगोचर हो तो नियमानुसार सही वेतन निर्धारित करते हुए अधिक भुगतान की गयी धनराशि की वसूली एरियर के देयक से करते हुए समायोजन बिल प्रस्तुत किया जायेगा।
4. यदि किसी प्रकरण में वसूली की धनराशि आगणित एरियर से अधिक हो तो वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड 5 भाग 1 के प्रस्तर 81 (3) अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।
5. इस अवधि में विभागीय वित्त नियंत्रक/वरिष्ठ वित्त अधिकारी/जिन अन्य पदनामों से संबंधित विभाग में वित्त सेवा के अधिकारी तैनात हों, वे सभी अपने–अपने विभाग में वेतन निर्धारण सम्बन्धी टैस्ट चैकिंग सुनिश्चित करेंगे।
6. दिनांक 01 जनवरी, 2016 से 31 मार्च, 2018 के मध्य सेवानिवृत्त/मृत कार्मिकों एवं अन्य ऐसे कार्मिकों, जो अन्य कारणों से सेवा से मुक्त हुए हैं अथवा होंगे, को अवशेष वेतन/भत्तों का सम्पूर्ण भुगतान आयकर कटौती के उपरान्त इसी वित्तीय वर्ष में एकमुश्त नगद रूप में किया जायेगा।
7. पुनर्योजित/पुनर्नियुक्त हुए कार्मिकों के प्रकरण में आयकर कटौती करते हुए सम्पूर्ण भुगतान नकद रूप में किया जाएगा, किन्तु ऐसे प्रकरणों में चूंकि संबंधित पुनर्योजित कार्मिक का वेतन एवं पेंशन दोनों ही पुनरीक्षित हुयी होंगी, अतः आगणित वेतन एरियर में पुनरीक्षित पेंशन/पेंशन एरियर का भी ध्यान रखा जाएगा और यदि कोई रिकवरी की स्थिति बनती है तो वह नियमानुसार कर ली जाय।

2– उक्त वर्णित शासनादेश संख्या– 202/XXVII(7)30(7)/2016, दिनांक 17 अक्टूबर, 2017 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए। शेष शर्तें यथावत् लागू रहेंगी।

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव।

क्रमशः.....2

संख्या– २७५ /XXVII(7)30(7)/2016/तद्दिनांकित

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
4. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड।
5. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
7. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, 23 लक्ष्मी रोड, डालनवाला, देहरादून।
8. निदेशक, विभागीय लेखा, 23 लक्ष्मी रोड, डालनवाला, देहरादून।
9. समस्त वित्त नियंत्रक/वित्त अधिकारी, उत्तराखण्ड।
10. समस्त मुख्य/वरिष्ठ/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11. संयुक्त सचिव, वित्त ऑडिट प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
12. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

संख्या: २२०/xxvii(7)50(16)/2014T

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवामें,

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
लोक निर्माण विभाग/सिचाई/ग्रामीण निर्माण/लघु सिंचाई विभाग।
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त(वि0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 **देहरादून: दिनांक: 3 / अक्टूबर, 2017**

विषय: वेतन समिति को सन्दर्भित प्रकरणों पर समिति से प्राप्त संस्तुतियों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वेतन समिति को सन्दर्भित प्रस्ताव, जिसमें भारत सरकार में अधीक्षण अभियन्ता के पद का वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन रू0 8700 में उच्चीकृत होने के दृष्टिगत राज्य में भी अभियत्रण विभागों में सृजित अधीक्षण अभियन्ता का वेतनमान उक्तवत उच्चीकृत किए जाने की माग की गई, का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों/संबधित कर्मचारी संगठन के साथ हुए विचार–विमर्श तथा उपलब्ध कराए गए तथ्यों के आधार पर समिति द्वारा भारत सरकार से पूर्व स्थापित समरूपता के आधार पर अभियन्त्रण विभागों में सृजित अधीक्षण अभियन्ता के पद का वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7600 को वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड वेतन रू0 8700 में उच्चीकृत किए जाने की संस्तुति की गई है।

3. शासन द्वारा समिति की संस्तुति को स्वीकार किए जाने के कम में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त वर्णित प्रकरण पर वेतन समिति द्वारा की गई उक्त संस्तुति के कियान्वयन हेतु विभागीय आदेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किए जाय। कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव।

संख्या–202/XXVII(7)30(7)/2016

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवामें,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादून: दिनांक 17 अक्टूबर, 2017

विषय: राज्य में सातवें वेतन आयोग की संस्तुति लागू होने के फलस्वरूप राज्य कर्मचारियों को दिनांक 01 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक देय वेतन/भत्तों की अवशेष (एरियर) राशि के भुगतान के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य में सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू होने के फलस्वरूप राज्य कर्मियों को दिनांक 01 जनवरी, 2016 से 31 दिसम्बर, 2016 तक की अवधि के देय वेतन/भत्तों की बकाया राशि का भुगतान निम्न प्रक्रिया के तहत भुगतान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं–

1. दिनांक 01 जनवरी, 2016 से 30 जून, 2016 तक की अवधि के अवशेष वेतन/भत्तों का भुगतान चालू वित्तीय वर्ष 2017–18 में तथा 01 जुलाई, 2016 से दिसम्बर, 2016 तक की अवधि का भुगतान वित्तीय वर्ष 2018–19 में किया जायेगा।
2. वित्तीय वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 में उपरोक्तानुसार देय अवशेष राशि में से आयकर की कटौती करते हुए संबंधित कार्मिक के भविष्य निर्वाह निधि में जमा किया जायेगा। उक्त जमा राशि केवल ऐसे मामलों में जिनमें भविष्य निधि नियमों के अन्तर्गत अन्तिम प्रत्याहरण देय हो, को छोड़कर अन्य मामलों में 01 वर्ष से पूर्व नहीं निकाली जायेगी।
3. ऐसे कार्मिक, जिनका भविष्य निर्वाह निधि खाता न खुला हो, को देय अवशेष राशि का नकद भुगतान किया जायेगा।
4. नई पेंशन योजना से आच्छादित कार्मिकों को तदनुसार देय अवशेष धनराशि के 10 प्रतिशत के बराबर धनराशि संबंधित कार्मिकों के टियर–1 पेंशन खाते में जमा की जायेगी तथा राज्य सरकार/नियोक्ता द्वारा समतुल्य अंशदान टियर–1 पेंशन खाते में जमा किया जायेगा। एरियर की अवशेष धनराशि सम्बन्धित कार्मिकों को नकद भुगतान की जायेगी।
5. दिनांक 01.01.2016 से 31.12.2016 के मध्य सेवानिवृत्त/मृत कार्मिकों एवं अन्य ऐसे कार्मिकों, जो अन्य कारणों से सेवा से मुक्त हुए है, को उक्त अवधि के एरियर का भुगतान आयकर कटौती के उपरान्त नकद रूप में किया जायेगा।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव।

क्रमशः.....2

संख्या– /XXVII(7)02/2016, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. सचिव, विधानसभा, उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. मुख्य स्थानिक आयुक्त उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
5. महानिबन्धक, मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल।
6. समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
7. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, 23 लक्ष्मी रोड, डालनवाला, देहरादून।
9. वित्त अधिकारी/कुलसचिव, समस्त राजकीय विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।
10. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11. क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, देहरादून।
12. वित्त आडिट प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
13. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

(16)

संख्या– / XXVII(7)27(14)/2012

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादूनः दिनांकः 10 सितम्बर, 2017

विषयः राजकीय विभागों में नियमित रूप से नियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं के वेतनमान के निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–571/XXVII(7)27(14)2012 दिनांक 06 जून, 2013 द्वारा राजकीय विभागों के कनिष्ठ अभियन्ता (वेतनमान रू0 9300–34800) का ग्रेड वेतन रू0 4200/– के स्थान पर ग्रेड वेतन रू0 4600/– में दिनांक 01 अक्टूबर, 2012 से काल्पनिक (Notionally) एवं दिनांक 01 मार्च, 2013 से वास्तविक रूप से उच्चीकृत किया गया है।

2. उक्त सम्बन्ध में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त लिए गए निर्णय के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व में निर्गत उक्त शासनादेश दिनांक 06 जून, 2013 में आंशिक संशोधन करते हुए राजकीय सेवा में नियमित रूप से नियुक्त कनिष्ठ अभियन्ताओं को उक्तानुसार उच्चीकृत ग्रेड वेतन रू0 4600/– का लाभ दिनांक 01 जनवरी, 2009 से काल्पनिक रूप से तथा दिनांक 01 मार्च, 2013 से वास्तविक रूप से अनुमन्य किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. उक्त शासनादेश दिनांक 06 जून, 2013 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय। शेष शर्तें यथावत लागू रहेंगी।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव।

संख्या–147/XXVII(7)27(14)/2012 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड।
2. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, 23 लक्ष्मी रोड़, देहरादून।
5. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
6. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
7. समस्त आहरण–वितरण अधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

(17)

संख्या–165/XXVII(7)30(7)/2017

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादून: दिनांक : 12 सितम्बर, 2017

विषय : दिनांक 01 जनवरी, 2016 से पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति (2016) की संस्तुतियों के क्रम में उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के साथ संलग्न तालिका के अनुसार राजकीय कर्मचारियों के लिए पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, जिसमें ग्रेड वेतन रू0 8700/– के लिए तालिका लेवल–13 निर्धारित था। भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 16 मई, 2017 द्वारा ग्रेड वेतन रू0 8700/–के लिए निर्धारित वेतन मैट्रिक्स में लेवल–13 को संशोधित कर दिया गया है।

2. भारत सरकार की उपर्युक्त अधिसूचना दिनांक 16 मई, 2017 के क्रम में अधिसूचना दिनांक 28 दिसम्बर, 2016 द्वारा जारी उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के साथ संलग्न तालिका में ग्रेड वेतन रू0 8700/– के लिए संलग्नक की तालिका के स्तम्भ–2 में उल्लिखित मैट्रिक्स लेवल–13 की कोष्ठिकाओं को स्तम्भ–3 के अनुसार दिनांक 01.01.2016 से प्रतिस्थापित किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के साथ संलग्न अनुसूची–1 में उल्लिखित वेतन मैट्रिक्स उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

संलग्नक:यथोपरि।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव।

क्रमशः.....2

संख्या-165 /XXVII(7)30(7)/2017 दिनांक 12 सितम्बर, 2017 का संलग्नक

(1)	(2)	(3)
1	118500	123100
2	122100	126800
3	125800	130600
4	129600	134500
5	133500	138500
6	137500	142700
7	141600	147000
8	145800	151400
9	150200	155900
10	154700	160600
11	159300	165400
12	164100	170400
13	169000	175500
14	174100	180800
15	179300	186200
16	184700	191800
17	190200	197600
18	195900	203500
19	201800	209600
20	207900	215900
21	214100	

संख्या–139 / XXVII(7)30(07)/2016

प्रेषक,

अरूणेन्द्र सिंह चौहान,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
कोषागार, पेंशन एवं हकदारी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादून: दिनांक 02 अगस्त 2017

विषय: उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0–1662/16/(04)/खण्ड–2/कोषा0/दे0दून/ नि0को0पे0ह0/2017 दिनांक 27 जून, 2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त संदर्भित पत्र में उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 का प्रस्तर–13 शिक्षकों पर लागू होगा अथवा नहीं, के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किए जाने की अपेक्षा की गई है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 के प्रस्तर–13 पर दी गई व्यवस्था स्वतः स्पष्ट है। यह व्यवस्था शैक्षणिक पदों के कार्मिकों पर भी लागू होगी। कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अरूणेन्द्र सिंह चौहान)
अपर सचिव।

(10)

संख्या–93/XXVII(7)/201

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7

देहरादूनः दिनांक 12 मई, 2017

विषयः– वेतन/भत्ते के विसंगति एवं उच्चीकरण के प्रकरणों के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषय के क्रम में अवगत कराना है कि अधिकांश प्रशासनिक विभागों के माध्यम से वेतन विसंगति एवं वेतनमान उच्चीकरण के प्रकरण वित्त विभाग के माध्यम से वेतन समिति को संदर्भित किये जा चुके हैं।

2. इस सम्बन्ध में वेतन समिति द्वारा अपनी संस्तुति दिये जाने के उपरान्त ही वित्त विभाग द्वारा अपना मत स्थिर करके निर्णय लिया जा सकेगा। सातवें पुनरीक्षित वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू किये जाने के सम्बन्ध में वेतन समिति की रिपोर्ट वित्त विभाग में प्राप्त होने के पश्चात राज्य में सातवें पुनरीक्षित वेतनमान लागू किये जा चुके है। वेतन विसंगति/वेतनमानों के उच्चीकरण के सम्बन्ध में वेतन समिति की रिपोर्ट विचाराधीन है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समिति की संस्तुतियों पर वित्त विभाग द्वारा अग्रेत्तर निर्णय लिये जाने तक वेतन विसंगति/वेतनमान उच्चीकरण/भत्तों के प्रकरण वित्त को संदर्भित न किये जायें।

भवदीया,

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव।

(21)

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनुभाग–7
संख्या 32 /XXVii(7)50(16)/2016
देहरादूनः दिनांक 01 ~~दिसम्बर~~ मार्च 2017

संकल्प

विषय :– सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में प्रदेश के विभिन्न वर्गो के कार्मिकों के वेतन एवं भत्तों के सम्बन्ध में संस्तुतियाँ देने हेतु गठित वेतन समिति के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक शासन के संकल्प पत्र संख्या 07/XXVii(7)50(16)/2014, दिनांक 14 जनवरी, 2016 तथा संकल्प पत्र संख्या 201/XXVii(7)50(16)/2014, दिनांक 7 सितम्बर, 2016 में वेतन समिति के विचारण हेतु संकल्प दिनांक 14 जनवरी, 2016 के प्रस्तर–2 के उपबन्ध–10 के कम में पूर्व निर्धारित बिन्दुओं के अतिरिक्त समिति निम्न बिन्दुओं पर भी अध्ययन कर अपनी युक्तिसंगत संस्तुति करेगी :–

1. उत्तराखण्ड राज्य गठन के उपरान्त वित्तीय नियमों, प्रकियाओं, वित्तीय सीमाओं, सूचना प्रौद्योगिकी के संदर्भ में हुए परिवर्तनों एवं ऐसे नियम/प्रकिया जो वर्तमान के आलोक में अब अप्रसांगिक हो चुके हैं, के सदंर्भ में वित्तीय हस्त पुस्तिकाओं, बजट मैनुअल, विभिन्न वित्तीय मैनुअलों एवं वित्तीय नियमावलियों आदि में वर्णित नियमों/उपनियमों में यथा आवश्यक संशोधन के सम्बन्ध में अध्ययन एवं संस्तुति।
2. वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से सभी विभागों के लिए एक सामान्य वित्तीय रूल्स(GFR) पर अध्ययन एवं संस्तुति।
3. वर्तताान में लागू अधिप्राप्ति के नियमों, प्रकियाओं का अध्ययन करके गैर सरकारी संस्थाओं/संगठनों में अधिप्राप्ति के वर्तमान में प्रचलित मार्डन एवं पारदर्शी सिस्टम को सरकारी अधिप्राप्तियों के लिए अपनाये जाने पर अध्ययन एवं संस्तुति।
4. सरकारी तंत्र में वर्तमान में लागू अधिकारों के प्रतिनिधायन का अध्ययन करके इसके स्वरूप को और अधिक सार्थक बनाये जाने के परिपेक्ष्य में इसमें यथा आवश्यक संशोधन/परिवर्धन पर अध्ययन एवं संस्तुति।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

1. यह आदेश दिया कि संकल्प को उत्तराखण्ड के असाधारण गजट में विज्ञाप्ति किया जाय।
2. आदेश दिया कि संकल्प की प्रति सचिवालय के समस्त अनुभागों तथा सम्बन्धित अधिकारियों को भेजी जायें।
3. आदेश दिया कि इस संकल्प की प्रति समस्त विभागाध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों तथा सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को भेजी जाय।
4. आदेश दिया कि संकल्प की प्रति निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तराखण्ड, समस्त नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतें, विकास प्राधिकरणों, जल संस्थानों, जिला पंचायतें को भी भेजी जाये।
5. आदेश दिया कि इस संकल्प की प्रति समस्त सार्वजनिक निगमों/उपक्रमों को भी भेजी जायें।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

23

संख्या– /xxvii(7)30(15)/2017

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/ समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/ प्रभारी सचिव
उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7

देहरादून : दिनांक 03 फरवरी, 2017

विषयः दिनांक 01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों तथा राज्य के सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी जो दिनांक 01.01.2016 के पूर्व अथवा उसके उपरान्त राज्य सरकार की सेवा में पुनर्योजित हैं, का वेतन निर्धारण।

महोदय,

शासन के संज्ञान में लाया गया है कि दिनांक 01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों तथा राज्य के सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी जो दिनांक 01.01.2016 के पूर्व अथवा उसके उपरान्त राज्य सरकार की सेवा में पुनर्योजित हैं एवं पूर्व में उनके अन्तिम आहरित वेतन में से शुद्ध पेंशन घटाकर प्राप्त होने वाले वेतन एवं शुद्ध पेंशन के योग पर महगाई राहत तथा शुद्ध पेंशन का भुगतान उन्हें किया जा रहा है।

2– राज्य एवं केन्द्र में सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के लागू होने के उपरान्त दिनांक 01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त तथा दिनांक 01.01.2016 के पूर्व अथवा इसके उपरान्त पुनर्योजित कार्मिकों के सम्बन्ध में भारत सरकार में जो रीति पूर्व में अपनायी गयी थी, उसी सिद्धान्त के आधार पर राज्य सरकार के अधीन अखिल भारतीय सेवाओं एवं राज्य के अन्य संवर्ग के ऐसे पुनर्योजित अधिकारी/कर्मचारी जो दिनांक 01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए तथा उक्त तिथि के पूर्व अथवा उसके उपरान्त पुनर्योजित थे/हैं, के वेतन एवं पेंशन का पुनरीक्षण अन्तरिम आधार पर किये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है।

3– इस क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि–

(क)– ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दिनांक 01.01.2016 को उन्हें पूर्व में प्राप्त अन्तिम वेतन का पुनरीक्षण नयी वेतन संरचना में दिनांक 01.01.2016 से यह प्रकल्पित करते हुए किया जायेगा कि मानो वे उक्त तिथि को सेवा में थे।

(ख)– दिनांक 01.01.2016 से उनकी पेंशन का पुनरीक्षण केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा तद्विषयक में निर्गत नियम/शासनादेश के अनुसार किया जायेगा।

(ग)– उप प्रस्तर–(क) के अनुसार पुनरीक्षित वेतन में से उप प्रस्तर–(ख) के अनुसार पुनरीक्षित पेंशन घटाकर पुनर्योजन/पुनर्नियुक्ति पर वेतन निर्धारित किया जायेगा परन्तु इस प्रकार निर्धारित वेतन एवं पेंशन का योग पुनर्योजित/पुनर्नियुक्त अधिकारी के पुनरीक्षित वेतन संरचना में

निर्धारित अन्तिम मूल वेतन अथवा पुनर्योजन पद के वेतनमान के अधिकतम वेतन दोनों में से जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा।

(घ)– अखिल भारतीय सेवा के सेवानिवृत्ति कार्मिकों के सम्बन्ध में यदि केन्द्र सरकार द्वारा इस विषय में कोई अन्यथा आदेश निर्गत किये जाते हैं, तो राज्य सरकार में संबंधित अधिकारियों का वेतन तद्नुसार पुनर्निर्धारित किया जायेगा और यदि यह पाया जाता है कि संबंधित अधिकारी को अनुमन्य वेतन से अधिक भुगतान हो गया है तो अधिक भुगतानित राशि की वसूली संबंधित अधिकारी के वेतन/पेंशन अथवा पारिवारिक पेंशन पर अनुमन्य अन्तरिम राहत से समायोजित कर ली जायेगी। इस सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों की लिखित सहमति प्राप्त कर ली जायेगी।

(ङ)– सेवानिवृत्त के उपरान्त जो कार्मिक दिनांक 01.01.2016 को अथवा इसके उपरान्त पुर्ननियुक्ति हुए हैं, की पेंशन को सातवें वेतन आयोग की संस्तुति पर पुनरीक्षित करने पर यदि अधिक भुगतान की स्थिति उत्पन्न होती है, तो अधिक भुगतान की धनराशि को पेंशन के अवशेष ऐरियर से समायोजित किया जायेगा। पेंशन के ऐरियर से समायोजन के उपरान्त भी अधिक भुगतान की धनराशि समायोजन के लिए अवशेष रह जाती है, तो उसे एक वर्ष में समान किस्त निर्धारित करके मासिक पेंशन की धनराशि से समायोजित कर लिया जायेगा।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

संख्या– 12 /XXVII(7)30(15)/2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. निबन्धक, उत्तराखण्ड, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल।
4. प्रमुख स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
5. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड।
6. निदेशक, कोषागार पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखण्ड देहरादून।
7. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी/उपकोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
8. उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग।
9. एन0आई0सी0।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अरुणेन्द्र सिंह चौहान)
अपर सचिव।

(25)

संख्या– / XXVII(7)50(16)/2016

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवामें,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव,
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
   उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
4. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादूनः दिनांकः ०५ जनवरी, 2017

विषयः– सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में नयी वेतन संरचना में वेतन निर्धारण।

महोदय,

सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में राज्य कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमानों का लाभ अनुमन्य किये जाने के दृष्टिगत वित्त विभाग द्वारा **"उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016"** प्रख्यापित किये गये हैं जिसमें नयी वेतन संरचना (Pay Matrix) में वेतन निर्धारण की व्यवस्था उपबन्धित की गयी है।

2. पूर्व में यह देखा गया है कि वेतन निर्धारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा गलत वेतन निर्धारण किये जाने के कारण शासन को वित्तीय हानि उठानी पड़ी है एवं कतिपय मामलों में न्यायालयों में विधिक वाद का सामना करना पड़ रहा है। उक्त के दृष्टिगत शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में सम्बन्धित आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा पुनरीक्षित वेतनमानों में वेतन का निर्धारण ekosh.uk.gov.in में साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाय। जिससे किसी प्रकार की विसंगति उत्पन्न न हो और नियमों के आलोक में सभी कार्मिकों का वेतन निर्धारण समान रुप से किया जा सके। साथ ही किसी कार्मिक को गलत वेतन निर्धारण किये जाने की शिकायत का मौका भी न मिले।

3. उक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि निदेशक, कोषागार के web Portel पर उल्लिखित ekosh.uk.gov.in में वेतन निर्धारण सम्बन्धी साइट में वांछित सूचना अपलोड किये जाने हेतु सम्बन्धित आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि इस माह का वेतन नयी वेतन संरचना (Pay Matrix) में निर्धारित करते हुये राज्य कार्मिकों को उक्त का लाभ अनुमन्य किया जा सके।

4. उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी प्रकार की अस्पष्टता/कठिनाई/सुझाव हो तो कृपया ekosh हेल्प लाइन नं0 0135-3041613 एवं 88 99 89 00 00 से सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

संख्या–०५ /XXVII(7)50(16)/2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं लेखा हकदारी, 23 लक्ष्मी रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड।
2. समस्त मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

(16)

उत्तराखण्ड शासन
वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7
संख्याः 03/XXVII(7)50(16)/2016
देहरादूनः दिनांकः 03 जनवरी, 2017

कार्यालय–ज्ञाप

सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में राज्य कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमानों का लाभ अनुमन्य किये जाने के दृष्टिगत वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या–290/XXVII(7)50(16)/2016 दिनांक 28 दिसम्बर, 2016 द्वारा **"उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016"** प्रख्यापित किये गये हैं जिसमें नयी वेतन संरचना (Pay Matrix) में वेतन निर्धारण की व्यवस्था उपबन्धित की गयी है।

2– उक्त अधिसूचना दिनांक 28 दिसम्बर, 2016 के साथ संलग्न अनुसूची–1 (वेतन मैट्रिक्स) के स्तर–4 (ग्रेड वेतन 2400) की आठवीं कोष्ठिका में टंकण त्रुटिवश **"31400"** के स्थान पर **"41400"** टंकित हो गया हैं। अतः वेतन स्तर–4 की आठवीं कोष्ठिका में टंकित धनराशि **"41400"** के स्थान पर **"31400"** पढ़ी जाय।

3– उक्त वेतन नियम की संलग्न अनुसूची–1 (वेतन मैट्रिक्स) उक्त सीमा तक संशोधित समझी जाय।

(अमित सिंह नेगी)
सचिव

संख्याः 03 /XXVII(7)50(16)/2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड।
3. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड।
4. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. महानिबन्धक, उत्तराखण्ड, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल।
6. समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
7. प्रमुख स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
8. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. निदेशक, कोषागार, उत्तराखण्ड देहरादून।
10. समस्त मुख्य/वरिष्ठ/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11. उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग।
12. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड एकक, देहरादून।
13. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

संख्या–275/XXVII(7)30(12)/2016

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव,
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0)अनुभाग–7 देहरादून दिनांक 30 दिसम्बर, 2016

विषयः– वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) के द्वारा अपने प्रथम प्रतिवेदन भाग–एक में प्रदेश के स्वायत्तशासी संस्थाओं (Autonomos Body), जो पूर्ण रूप से राज्य सरकार से वित्त पोषित है, को पुनरीक्षित वेतन संरचना में नये वेतन मैट्रिक्स अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

वेतन समिति, उत्तराखण्ड, (2016) के प्रथम प्रतिवेदन भाग–एक में प्रदेश की स्वायत्तशासी संस्थायें जो पूर्ण रूप से राज्य सरकार से वित्त पोषित हैं, के विभिन्न श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण हेतु कतिपय संस्तुति की है। उक्त संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार करते हुए संबंधित विभाग, पूर्व की भांति स्थापित मानकों के अधीन वित्त विभाग की सहमति से निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन कार्यवाही कर सकते हैं–

(क) प्रक्रियात्मक व्यवस्था–

ऐसी स्वयत्तशासी संस्थायें जो व्यवसायिक कार्य नहीं कर रही हैं तथा पूर्ण रूप से राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं, उनके लेखे पूर्ण होने एवं बजट की उपलब्धता होने पर उनके कार्मिकों को दिनांक 01 जनवरी, 2016 से, वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन के स्थान पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में नया वेतन मैट्रिक्स निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

(ख) उक्त (क) के अनुसार सभी शर्तें पूर्ण होने पर कियान्वयन विधि–

(1) ऐसे प्रकरणों में जहाँ पर पूर्व से सरकारी सेवकों हेतु लागू वेतनमान से समानता हो, वेतन का निर्धारण उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम–2016 में निहित प्रकिया के अनुसार किया जाय।

(2) अवशेष देयकों के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा पृथक से आदेश जारी किये जायेंगे।

कृपया उपरोक्त के कम में संबंधित प्रशासनिक विभाग समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव

(28)

संख्या–२९५/XXVII(7)30(11)/2016

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
पंचायतीराज विभाग/शहरी विकास विभाग/
पेयजल विभाग/आवास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0)अनुभाग–7 देहरादून दिनांक 30 दिसम्बर, 2016

विषयः– **राज्य वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) की संस्तुतियों के क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही।**

महोदय,

कार्मिकों के वेतन/भत्तों के पुनरीक्षण हेतु राज्य में गठित वेतन समिति ने प्रथम प्रतिवेदन भाग–एक में जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों/जल संस्थानों/विकास प्राधिकरणों के विभिन्न श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण हेतु कतिपय संस्तुतियॉ की है। समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त अपनी संस्तुति में निम्न बिन्दु इंगित किये गये हैः–

1. वेतन समिति द्वारा अपनी टिप्पणी में उल्लेख किया है कि आर्दश स्थिति में नगर निगम एवं जिला पंचायतों का प्रशासनिक व्यय 15 प्रतिशत, नगर पालिका का 20 प्रतिशत तथा नगर पंचायतों का 25 प्रतिशत तक सीमित रखा जाना चाहिए, लेकिन उक्त मानदण्डों में कोई भी संस्था खरी नहीं उतर रही है। नगर निकायों की आय व वेतन/पेंशन आदि का व्ययभार लगभग बराबर है और अवसंरचना/विकास कार्यों सहित नागरिक सेवाओं को बनाये रखने के लिये उन पर वित्तीय संसाधन अपर्याप्त हो जाना इंगित हो रहा है।

2. प्रत्येक निकाय में वार्षिक संपरीक्षित लेखा व तुलन पत्र अध्यावधि होने, लेखा डबल एन्ट्री व्यवस्था अन्तर्गत बनाये जाने व इस हेतु यूनीफार्म साफ्टवेयर का उपयोग करने आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना नहीं दी गई है। उल्लेखनीय है कि नगर निकायों में वार्षिक लेखा व उनकी सम्परीक्षा अध्यावधि पूर्ण नहीं है।

3. पूर्व में सभी नगर निकायों में छठे वेतनमानों के अनुरूप कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमान अनुमन्य किये गये हैं। पुनरीक्षित वेतनमानों से बढ़ने वाले व्ययभार सहित नागरिक सेवाओं व अवसंरचना/विकास कार्यों हेतु पर्याप्त धनराशि की उपलब्धता बनी रहे इस दृष्टिकोण से नगर निकायों के सम्बन्ध में एकाधिक उपचारात्मक कार्यवाही व आय बढ़ाने की व्यवस्था तत्काल की जानी चाहिए। इस प्रतिबन्ध सहित प्रत्येक नगर निकाय के सम्बन्ध में उनके वार्षिक संपरीक्षित लेखा/तुलन पत्र अध्यावधि पूर्ण कर लेने तथा आर्थिक स्थिति उपयुक्त होने पर पुनरीक्षित वेतनमान अनुमन्य करने पर विचार किया जाय।

4. जिला पंचायतों की निजी स्रोतों से प्राप्त आय अपने कर्मचारियों के वेतन आदि कार्यों के लिए भी पर्याप्त नहीं है। स्पष्ट है कि जिला पंचायतों की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है और इस दृष्टि से सातवें वेतनमान लागू करने के लिए उनके अपने वित्तीय संसाधन अपर्याप्त होंगे।

5. समिति द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला पंचायतों के वार्षिक संपरीक्षित लेखा अध्यावधि पूर्ण होने सम्बन्धी कोई सूचना नहीं दी गई है। लेखा डबल एन्ट्री व्यवस्था से तैयार किये जा रहे हैं एवं कोई एकरूप (Uniform) साफ्टवेयर उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं यह सूचना भी नहीं दी गई है। सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने से पूर्व प्रत्येक जिला पंचायत के वार्षिक संपरीक्षित लेखा अध्यावधि पूर्ण कर लेने, लेखा डबल एन्ट्री से यूनिफार्म साफ्टवेयर से बनाये जाने की कार्यवाही करने सहित वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विचार किया जाय।

6. स्थानीय निकायों/जिला पंचायतों की स्वायत्तता का सम्मान करते हुए सर्वप्रथम इन संस्थाओं के बोर्डों के द्वारा वेतन पुनरीक्षण का प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए जिसमें वित्तीय भार वहन किये जाने के उपायों तथा प्रशासनिक व्यय को कुल आय के 50 प्रतिशत से कम लाने के उपायों के संबंध में स्पष्ट कार्य योजना भी बनायी जाए।

2– सभी शर्तें पूर्ण होने पर एवं स्थापित मानकों के अधीन समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए जिला पंचायत/स्थानीय निकाय/जल संस्थान/विकास प्राधिकरण के विभिन्न श्रेणी के नियमित कार्मिकों, जिन्हें पूर्व में राज्य सरकार के कार्मिकों के समान वेतनमान अनुमन्य है, को उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 में निहित प्रकियानुसार निम्न वर्णित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन नयी वेतन संरचना में वेतन मैट्रिक्स यथाप्रकिया स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

1. स्थानीय निकायों/जिला पंचायतों/जल संस्थान/विकास प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति को देखते हुए सम्बन्धित बोर्ड से पारित प्रस्ताव के क्रम में नये वेतन मैट्रिक्स लागू किये जाने हेतु सम्बन्धित प्रशासकीय विभाग द्वारा यथाप्रक्रिया आदेश जारी किये जायेंगे।
2. उक्त पुनरीक्षित वेतनमान का नकद भुगतान किये जाने पर सम्बन्धित निकाय/संस्थान/प्राधिकरण द्वारा अपनी वित्तीय स्थिति के अनुसार निर्णय लिया जायेगा।
3. उक्तवत पुनरीक्षित किये जा रहे वेतनमानों के समस्त एरियर का भुगतान अपने स्वयं के वित्तीय संसाधनों तथा Devolution से अन्तरित की जाने वाली धनराशि से ही किया जाएगा और इस हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जाएगी।

कृपया उपरोक्त के क्रम में सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

(31)

संख्याः 293/XXVII(7)30(10)/201

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

सचिव,
चिकित्सा शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त(वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादूनः दिनांकः 30 **दिसम्बर, 2016**

विषयः **जूनियर डाक्टरों को सातवें पुनरीक्षण वेतनमान अनुमन्य किये जाने विषयक।**

महोदय,

जूनियर डाक्टरों को सातवें पुनरीक्षण वेतनमान अनुमन्य किये जाने विषयक राज्य में गठित वेतन समिति की संस्तुतियों को वित्त विभाग के संकल्प संख्या–289 दिनांक 27 दिसम्बर, 2016 द्वारा स्वीकार किया गया है।

2– समिति की संस्तुति के क्रम में जूनियर रेजीडेन्ट डाक्टरों/सीनियर रेजीडेन्ट डाक्टरों का वेतनमान निम्नवत् निर्धारित किये जाने श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य दर	सातवें पुनरीक्षित वेतनमान संशोधित दर
जूनियर रेजीडेन्ट	15600+5400=21000	रू0 56100
सीनियर रेजीडेन्ट	15600+6600=22200	रू0 67700

3– कृपया उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

(32)

संख्याः 292/XXVII(7)/30(9)/2016

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त(वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादूनः दिनांकः 30 दिसम्बर, 2016

विषयः **कार्यप्रभारित अधिष्ठान के कार्मिकों को सातवें पुनरीक्षण वेतनमान अनुमन्य किये जाने विषयक।**

महोदय,

कार्यप्रभारित अधिष्ठान के कार्मिकों को सातवें पुनरीक्षण वेतनमान अनुमन्य किये जाने विषयक राज्य में गठित वेतन समिति की संस्तुतियों को वित्त विभाग के संकल्प संख्या–289 दिनांक 27 दिसम्बर, 2016 द्वारा स्वीकार किया गया है।

2– समिति की संस्तुति के कम में कार्यप्रभारित अधिष्ठान के कार्मिकों का वेतनमान निम्नवत् पुनरीक्षित किये जाने श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

वर्तमान में अनुमन्य दर		सातवें पुनरीक्षित वेतनमान में संशोधित दर (रू0 में)
–1 एस	4440–7440	18000
–1 एस	4440–7440	18000
–1 एस	4440–7440	18000
–1 एस	5200–20200	18000
वेतन बैण्ड–1	5200–20200	19900
वेतन बैण्ड–1	5200–20200	21700
वेतन बैण्ड–1	5200–20200	25500
वेतन बैण्ड–1	5200–20200	29200
वेतन बैण्ड–1	9300–34800	35400

3– कृपया उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

(33)

संख्या \ /xxvii(7)30(8)/2016

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव,
सार्वजनिक उद्यम विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 **देहरादून दिनांक: २१ दिसम्बर, 2016**

विषयः सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों के कार्मिकों के वेतनमानों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त विभाग के संकल्प संख्या–289/XXVII(7)30(7)/2016 दिनांक 27.12.2016 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– वित्त विभाग के ऊपरिउल्लिखित संकल्प दिनांक 27.12.2016 द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों के नियमित कार्मिकों को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) अनुमन्य किये जाने की वेतन समिति की संस्तुति स्वीकार की गयी हैं।

3– उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों के ऐसे नियमित कार्मिक, जिन्हें सरकारी सेवकों की भांति छठवें वेतन आयोग द्वारा संस्तुत पुनरीक्षित वेतनमान अनुमन्य हैं, को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के क्रम में सम्बन्धित निगम/उपक्रम के बोर्ड/निदेशक मण्डल की संस्तुति प्राप्त करते हुये पुनरीक्षित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) में प्रतिस्थापन वेतनमान (Replacement Scale) दिये जाने के सम्बन्ध में यथाप्रक्रिया आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

4– वेतन समिति की संस्तुति के क्रम में शासन द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि जो उपक्रम/निगम वी.आई.एफ.आर. में संदर्भित है और उनके द्वारा इस हेतु पंजीकृत किये गये हैं अथवा समापन की प्रक्रिया में हैं अथवा विचाराधीन हैं, उनके कार्मिकों को पुनरीक्षित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) का लाभ अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

5– उक्तवत पुनरीक्षित किये जा रहे वेतनमानों के समस्त एरियर का भुगतान अपने स्वयं के वित्तीय संसाधनों से ही किया जाएगा और इस हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जाएगी।

कृपया उपरोक्त के कम में सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें। जहॉ पर पूर्व से सरकारी सेवकों हेतु लागू वेतनमान से समानता हो तो, ऐसे प्रकरणों में उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 में दी गयी प्रकियानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जाय।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

संख्या २१। /xxvii(7)30( )/2016 तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव/प्रभारी सचिव को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ विभागों के अधीन गठित निगमों/उपकमों के नियमित कार्मिकों को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में नये वेतन मैट्रिक्स में प्रतिस्थापन वेतनमान (Replacement Scale) दिये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित बोर्ड/निदेशक मण्डल की संस्तुति प्राप्त करते हुये सार्वजनिक उद्यम विभाग के माध्यम से यथाप्रकिया अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

(35)

उत्तराखण्ड शासन
वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनुभाग–7
संख्या–२७०/XXVII(7)50(16)/2016
देहरादून : दिनांक २८ दिसम्बर, 2016

अधिसूचना

राज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार के अधीन कार्यरत सरकारी सेवकों के वेतन निर्धारण के सम्बन्ध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं:–

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ 1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड सरकारी सेवक वेतन नियम, 2016 है।

(2) यह नियम 1 जनवरी, 2016 से प्रवृत्त हुए समझे जाएंगे।

